an>

title: Need to setup a mega food park in Rajgarh Constituency of Madhya Pradesh.

**श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) :** अध्यक्ष महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश मुख्यतः कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि कार्य पर ही आधारित है। इस क्षेत्र में गेहूं, चना, मक्का, प्याज, लहसुन की खेती के साथ-साथ सोयाबीन, धनिया, संतरा आंवला एवं सीताफल का भी उत्पादन प्रमुखता से किया जाता है, किंतु इनके समुचित रख-रखाव एवं संग्रहण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से अधिकांश मात्रा में बर्बाद हो जाती है, जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में मेगा फूड पार्क एवं प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना होने से अन्नदाता किसानों को मेहनत पूर्ण फायदा मिलेगा। साथ ही इन उत्पादों का नुकसान होने से भी बचाया जा सकेगा। विभिन्न कृषि उत्पादों के एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से देश-विदेश तक संरक्षित व सुरक्षित रूप से निर्यात किया जा सकता है। साथ ही लोगों के मन में कृषि कार्य के प्रति एक रूझान पैदा किया जा सकेगा, जिससे कि भारत को कृषि और कृषि उत्पादों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री सी.आर.चौधरी,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री उदय प्रताप सिंह एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री रोड़मल नागर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।